स्थापित 2014 रजि0 नं0 – 094/14

श्रम मंत्रालय

भारत सरकार (D.G.E. & T.) के अन्तर्गत

# मालती प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान




## ट्रेड – इलेक्ट्रीशियन

## Course Under N.C.V.T. Scheme

बडकी खड़ारी, करहगर, रोहतास, बिहार

# PROSPECTUS

*Established & Run By-*

## MALTI EDUCATIONAL & DEVELOPMENT TRUST

Mob: 08969906802 , 09472512511.

## नियमावली

| | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यः | हरिजन/आदिवासी | रू0 | 250/- |
| | सामान्य एवं पिछड़ी जाति | रू0 | 400/- |

http://www.maltiiti.com/

Email-Id: maltiitirohtas@gmail.com

# मालती प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

## बडकी खड़ारी, करहगर, रोहतास, बिहार

## प्रस्तावना

मालती एजुकेशनल एण्ड डेवलेपमेन्ट ट्रस्ट, सासाराम, रोहतास, (बिहार), जो कि बिहार सरकार के द्वारा पंजीकृत सहकारी संस्था है। जिसके अन्तर्गत मालती प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बडकी खड़ारी, करहगर, रोहतास, (बिहार) में संचालित होता हैं। जिसमें इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता हैं। Malti (Pvt.) I.T.I. का ट्रस्ट रजि0 संख्या 094/2014 के अन्तर्गत बिहार सरकार के द्वारा पंजीकृत सहकारी संस्था है। जिसके अन्तर्गत Malti (Pvt.) I.T.I. संचालित होता है।

केन्द्र का मूल उद्देश्य समाज में व्यवसायिक शिक्षा का चहुमुखी विकास करना है। सामान्य शिक्षा के बाद बेरोजगार छात्र तकनीकि शिक्षा प्राप्त कर स्वयं को आत्मनिर्भर तथा भारत एवं विदेश के किसी भी कम्पनी में नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। केन्द्र छात्रों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित करता है।

केन्द्र में प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षणार्थी को अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में सम्मिलित होना पड़ेगा, जहां से सफल होने के बाद (N.C.V.T.) उत्तीण का प्रमाण पत्र भारत सरकार (D.G.E.&T) नई दिल्ली द्वारा दिया जायेगा।

केन्द्र में श्रम संसाधन विभाग, निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण बिहार ,पटना के निर्देशानुसार आरक्षण की विधिवत व्यवस्था है। जिसमें हरिजन ,आदिवासी, अल्पसंख्यक, विकलांग, भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित के सीटें आरक्षित हैं। उपर्युक्त कोटि के उम्मीदवार नही मिलने पर वरीयता क्रम से सामान्य कोटि के उम्मीदवार का नामांकन किया जायेगा ताकि अर्थाभाव में प्रशिक्षण बाधित न हो।

**व्यवस्थापक**

**मालती प्राइवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान**

बडकी खड़ारी, करहगर, रोहतास, बिहार

# केन्द्र में प्रवेश की शैक्षणिक योग्यता

(क) आवेदक को मैट्रिक पास होना चाहिए। माध्यमिक परीक्षा में गणित एवं प्राकृतिक विज्ञान के साथ उत्तीर्ण अथवा समकक्ष परीक्षा में गणित, भौतिक एवं रसायन विज्ञान में अलग – अलग उत्तीर्ण होना चाहिए।

(ख) नामांकन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा। 50 अंक की परीक्षा गणित, विज्ञान एवं सामाजिक अध्ययन की होगी। उसमें प्राप्तांक के आधार पर ही नामांकन किया जाएगा। परीक्षा शुल्क 100/- रू0 देय होगा।

# केन्द्र में प्रवेश की उम्र सीमा

(क) केन्द्र में नामांकन के लिए उम्र सीमा 14 से 40 वर्ष तक होना चाहिए।

(ख) हरिजन एवं आदिवासी छात्रों की अधिकतम उम्र 45 वर्ष तक होना चाहिए।

(ग) भूतपूर्व सैनिक की अधिकतम उम्र को 45 वर्ष तक होना चाहिए।

# नामांकन एवं प्रशिक्षण शुल्क विवरणी

| | |
|---|---|
| कॉशनमनी शुल्क (प्रमाण पत्र के समय वापसी) | – रू 250 /- |
| द्वितीय वर्ष प्रैक्टीकल शुल्क | – रू 2000 /- |
| प्रशिक्षण मासिक शुल्क प्रति माह | – रू 600 /- |

पंजियन एवं फार्म भरने का शुल्क अलग से देय होगा।

# (UNIFORM) पोशाक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सर्ट | – | सफेद | – | White |
| पैन्ट | – | काला | – | Black |
| जूता | – | काला | – | Black |
| मोजा | – | काला | – | Black |
| स्वेटर | – | काला | – | Black |

# प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा का प्रोग्राम

**<u>मासिक परीक्षा</u>** : प्रत्येक माह के 25 तारीख को केन्द्र द्वारा मासिक परीक्षा ली जायेगी जिसका परीक्षाफल डाक द्वारा परीक्षार्थी के अभिभावक या पिता को दी जायेगी।

**<u>त्रिमासिक परीक्षा</u>** : प्रत्येक तीन माह पर केन्द्र द्वारा त्रिमासिक परीक्षा आयोजित कराई जायेगी। संस्थान में उपस्थिति 80 प्रतिशत से कम होने पर अतिरिक्त कक्षा कराने की व्यवस्था है जिसके लिए अलग से शुल्क देय होगा। 80 प्रतिशत से कम उपस्थित होने पर किसी भी परिस्थिति में फार्म नहीं भरा जाएगा।

**नोटः–** अंतिम अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा का फार्म भरते समय केन्द्र का किसी भी प्रकार का शुल्क बाकी नहीं रहना चाहिए।

# केन्द्र का नियम

1. केन्द्र दो पाली में चलता है। प्रथम पाली सुबह 7 बजे से 2 बजे दिन तक एवं द्वितीय पाली 10 बजे दिन से संध्या 5 बजे तक चलता है।

2. केन्द्र में नामांकन के लिए 14 वर्ष से 40 वर्ष तक का उम्र होना चाहिए। हरिजन एवं आदिवासी छात्रों के लिए अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष है।

3. केन्द्र ठीक समय पर पहुँचें। संस्थान के पश्चात् आप अपने ट्रेड में चले जाए। केन्द्र अहाते में व्यर्थ धुमना , शोर मचाना उचित नहीं है।

4. प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रतिदिन डायरी एवं पुस्तके साथ लानी है ,बिना डायरी एवं पुस्तकों को क्लास करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

5. अध्ययन काल में प्राचार्य के अनुमति के पश्चात् ही अभिभावक, अनुदेशकों एवं प्रशिक्षणार्थीयों से मिल सकते हैं।

6. कोई भी प्रशिक्षणार्थी अध्ययन अवधि में अनुदेशक एवं प्राचार्य के अनुमति के बिना केन्द्र को नहीं छोड़ सकते हैं।

7. प्रशिक्षणार्थीयों की उपस्थिति 80 प्रतिशत से कम नहीं होना चाहिए। अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेवारी प्रशिक्षणार्थी पर होगी।

8. अगर कोई प्रशिक्षणार्थी केन्द्र में विलम्ब से पहुँचता है तो अनुदेशक एवं प्राचार्य की अनुमति से ही क्लास में बैठ सकता है। अगर प्रशिक्षणार्थी निरंतर विलम्ब से पहुँचता है, तो तीसरी बार अभिभावक को साथ लाने पर ही क्लास करने की अनुमति दी जायेगी।

9. केन्द्र में प्रशिक्षणार्थी को 12 दिन आकस्मिक अवकाश एवं 15 मेडिकल छुट्टी दी जाती है। मेडिकल छुट्टी के लिए डॉक्टर का प्रमाण – पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा क्लास करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

10. केन्द्र से बिना सूचना के 10 दिन अनुपस्थित होने पर नाम काट दिया जायेगा।

11. प्रशिक्षण शुल्क 1 से 10 तारीख तक जमा करें अन्यथा बिलम्ब शुल्क प्रतिदिन पाँच रूपया की दर से देय होगा तथा माह के अंतिम दिन तक शुल्क जमा न करने पर अगले माह से क्लास करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

12. केन्द्र की सम्पत्ति नष्ट करने या चुराये जाने पर प्रशिक्षणार्थी उसकी क्षतिपूर्ति करेंगे।

13. केन्द्र में अनुशासन और नैतिकता के प्रतिकूल किसी प्रकार का आचरण संस्थान से निष्कासन का कारण होगा।

14. केन्द्र में किमती सामान नहीं लायें। खोये हुए समान के प्रति संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा।

15. केन्द्र में प्रति माह मासिक परीक्षा एवं तीन माह पर त्रैमासिक परीक्षा होगी। परीक्षाफल पर पिता या अभिभावक का हस्ताक्षर होना अनिवार्य है।

16. केन्द्र में नामांकन के समय मूल अंक पत्र एवं स्कूल या कॉलेज परित्याग प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।

17. प्रशिक्षण समाप्त होने के पूर्व जमा मूल प्रमाण – पत्र नहीं लौटाया जायेगा। विशेष परिस्थिति में पूर्ण प्रशिक्षण शुल्क जमा करने के बाद ही मूल प्रमाण – पत्र लौटाने पर विचार किया जायेगा।

18. मूल प्रमाण – पत्र जमा करने से पूर्व आवश्यकतानुसार फोटो स्टेट कराकर रख लें।

19. नामांकन होने के बाद नामांकन शुल्क या अन्य शुल्क किसी परिस्थिति में लौटाने या स्थानान्तरित करने का प्रावधान नहीं है।

20. केन्द्र में पुस्तकालय उपलब्ध है। संस्थान में जमा राशि 1000 रू0 (Security) के रूप में जमा करने के बाद पुस्तकें दी जायेगी। जमा राशि प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने के बाद लौटायी जायेगी।

21. आपके द्वारा जमा किया गया सभी मूल प्रमाण – पत्रों का सत्यापन कराया जायेगा। गलत या जाली प्रमाण – पत्र धारकों को केन्द्र से निष्कासित करते हुए उसके ऊपर कानूनी कारवाई की जायेगी।

22. जाति – प्रमाण पत्र जिलाधिकारी, अनुमंडलधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकरी, जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा निर्गत मान्य होगा।

23. नामांकन के लिए उपस्थिति में किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

24. कौशनमनी आई0 टी0 सी0 का प्रमाण – पत्र प्राप्त करते समय लौटाया जायेगा। बशर्ते संस्थान का कोई सामान टुटा या भूला नहीं हो। बीच में संस्थान छोड़ने पर कौशनमनी वापस नहीं होगा।

25. केन्द्र द्वारा दूर से आने–जाने वाले प्रशिक्षणार्थीयों हेतु रेलवे रियायती फार्म उपलब्ध कराया जाता है।

26. कल्याण विभाग (बिहार सरकार) द्वारा हरिजन, आदिवासी एवं पिछड़ी जाति के प्रशिक्षणार्थीयों को छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

27. विशेष प्राचार्य के आदेश से लागू होगा।

# ट्रेड – इलेक्ट्रीशियन

**प्रशिक्षण अवधि – 2 वर्ष**

**प्रशिक्षण का विषय :**

01. इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग विषय की सम्पूर्ण जानकारी।
02. विभिन्न प्रकार के तार ज्वाइन्ट, लुज वायरिंग, बीट वायरिंग, पाइप वायरिंग, केशिंग वायरिंग, हाउस वायरिंग विभिन्न प्रकार के विद्युत कनेक्सन आदि की जानकारी।
03. विद्युत के औजार जैसे मेगर, इलेक्ट्रीक मशीन ट्रेनर, टेकोमीटर, वाटमीटर, फ्रिक्वेन्सीमीटर, ऑमीटर, वोल्टमीटर, इनर्जी मीटर, पावर फैक्टर मीटर, आदि का संचालन, रखरखाव एवं निर्माण की जानकारी।
04. विभिन्न प्रकार के डी0 सी0 मशीन (मोटर एवं जनेरेटर) ए0 सी0 मशीन (मोटर एंव जनेरेटर), अलटरनेटर के संपूर्ण कार्य प्रणाली एवं रखरखाव की जानकारी।
05. ट्रान्सफॉर्मर, मोटर, पंखा, गीजर, हीटर, ऑयरन, हॉट प्लेट एवं विद्युत से चलने वाले सभी प्रकार के घरेलू उपकरण के मरम्मत करने एवं निर्माण की जानकारी।
06. विद्युत के जेनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्टीव्युशन एवं इलुमिनेशन की जानकारी।
07. बेसिक इलेक्ट्रॉनिक्स की जानकारी।

## नियोजन (Employment) :–

1. रेलवे ड्राइवर (लोको पायलट), टेक्नीशियन के रूप में।
2. देश विदेश के सभी इलेक्ट्रीशियन/इलेक्ट्रॉनिक्स, होम एप्लीकेन्स वनाने वाली कम्पनी में सर्विस इंजिनियर के रूप में।
3. विद्युत वर्कशॉप के सुपरवाइजर, क्वालिटी कन्ट्रोलर, फोरमैन एवं चार्ज मैन के रूप में।
4. विभिन्न राज्य के विद्युत वोर्ड में तकनीशियन, वरीय मिस्त्री, विद्युत ऑपरेटर, स्वीच ऑपरेटर, वायरमैन के रूप में।
5. विभिन्न सरकारी प्राइवेट I.T.I. पोलेटेकनीक, इंन्जिनियरिंग कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन अनुदेशक के रूप में।
6. कम पैसे में स्वरोजगार।

# I.T.I. की Recommended पुस्तकें

| (क) इलेक्ट्रीशियन व्यवसाय के लिए | लेखक | प्रकाशन |
|---|---|---|
| 1. बेसिक इलेक्ट्रीकल थ्योरी | ए0के0 मित्तल | अरिहन्त प्रकाशन, मेरठ |
| 2. बेसिक इलेक्ट्रीकल प्रैक्टीकल | एस0 के0 जैन | अरिहन्त प्रकाशन, मेरठ |
| 3. वर्कशॉप काल्कुलेशन एण्ड साइन्स | आर. एन. चौधरी एवं अरविन्द कुमार | पॉपुलर प्रकाशन, मुजफ्फरपुर |
| 4. इंजिनियरिंग ड्राइंग | आर. एन. चौधरी एवं अरविन्द कुमार | पॉपुलर प्रकाशन, मुजफ्फरपुर |
| 5. समाज अध्ययन/इम्प्लाविलीटी स्कील | राजानाथ चौधरी | पॉपुलर प्रकाशन, मुजफ्फरपुर |
| 6. सिम्मी थ्योरी (I st Year) | G.K. Bhattacharya | सिम्मी |
| 7. सिम्मी थ्योरी (II nd Year) | G.K. Bhattacharya | सिम्मी |
| 8. सिम्मी प्रैक्टीकल (I st Year) | G.K. Bhattacharya | सिम्मी |
| 9. सिम्मी प्रैक्टीकल (II nd Year) | G.K. Bhattacharya | सिम्मी |


# परीक्षा का अंक विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रायोगिक (Practical) | – | 400 अंक (100 अंक सेशनल) |
| 2. थ्योरी | – | 120 अंक (20 अंक सेशनल) |
| 3. इंजिनियरिंग ड्राइंग | – | 70 अंक (20 अंक सेशनल) |
| 4. वर्कशॉप कॉल्कुलेशन एण्ड साइंस | – | 60 अंक (10 अंक सेशनल) |
| 5. समाज अध्ययन/ इम्प्लाविलीटी स्कील | – | 50 अंक |
| कुल योग | – | 700 अंक |

व्यवस्थापक

मालती प्रा० औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

बडकी खड़ारी, करहगर




# मालती प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

## बडकी खड़ारी, करहगर, रोहतास, बिहार,












Website: www.maltiiti.com

Email: maltiitirohtas@gmail.com